<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–24.08.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- राज्य के कई जिलों में लगातार बारिश से नदियां उफान पर, सड़कों और घरों में पानी घुसने से जनजीवन प्रभावित।
- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को हाउस अरेस्ट करने की निंदा की, कहा रिम्स–2 के तहत खेती योग्य जमीन बर्बाद करना जनहित के खिलाफ।
- जमशेदपुर में स्वर्गीय शिबू सोरेन और रामदास सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि, मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा – विधानसभा में गुरुजी को भारत रत्न देने का रखा गया प्रस्ताव।
- कोडरमा में बैंक मित्र फेडरेशन ऑफ इंडिया का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित, देशभर से बैंक मित्रों ने घटते कमीशन और कंपनियों को हटाने की उठाई मांग।
- दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित, रांची में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र पर 100 यूनिट रक्त एकत्रित।

<u>******************</u>

रांची समेत राज्य के कई जिलों में दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है और जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। धनबाद में लगातार हो रही बारिश से दामोदर–बराकर नदियां उफान पर हैं। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सड़कों और घरों में पानी घुस गया है तथा कई मिट्टी के मकान ढह गए हैं। बेतहाशा बारिश से कोयला खनन और परिवहन प्रभावित है, जबकि किसान फसलों को बचाने के लिए मौसम से राहत की उम्मीद लगाए हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

<u>******************</u>

इधर खूंटी जिले में भी लगातार हो रही भारी बारिश से नदियां और जलप्रपात उफान पर हैं। मुरहू प्रखंड का पंचघाघ जलप्रपात और खूंटी–रांची सीमा पर स्थित दशम जलप्रपात भी भारी बारिश में खतरनाक रूप ले चुके हैं और पर्यटकों को जलधारा क्षेत्र में जाने से रोका गया है। वहीं तोरपा क्षेत्र की कारो नदी में जलस्तर बढ़ने से तेज बहाव किसानों और स्थानीय लोगों के लिए चिंता का कारण बन गया है।

उधर कोडरमा जिले में भी भारी बारिश और जलजमाव से लोग परेशान हो रहे हैं। साथ ही तिलैया डैम का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। विस्तृत ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

<u>******************</u>

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को हाउस अरेस्ट करने की घटना की कड़ी निंदा की और इसे लोकतंत्र पर काला धब्बा बताया। श्री सेठ ने कहा कि रिम्स–2 के नाम पर खेती योग्य जमीनों को बर्बाद करने का प्रयास जनहित के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि राज्य में अघोषित आपातकाल का युग चल रहा है और शासन–प्रशासन तानाशाही पर उतर आया है, जो स्वीकार्य नहीं है।

<u>******************</u>

जमशेदपुर के बिस्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में गुरु जी विचार मंच के तत्वावधान में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जहां स्वर्गीय शिबू सोरेन और स्वर्गीय रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में झामुमो विधायकों के साथ परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा और विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। मौके पर दीपक बिरुवा ने कहा कि विधानसभा में गुरुजी को भारत रत्न देने का प्रस्ताव रखा गया है क्योंकि वे पूरे झारखंडवासियों के लिए आदर्श रहे हैं।

<u>******************</u>

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी की वेबसाईट

newsonair.gov.in और prasarbharati.gov.in के Vacancies सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल @ airnews_ranchi से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदने 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

******************

कोडरमा में आज बैंक मित्र फेडरेशन ऑफ़ इंडिया का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया, जिसमें देश भर से बैंक मित्र शामिल हुए और अपनी मांगों को लेकर रणनीति बनाई। अधिवेशन में बैंक मित्रों ने घटते कमीशन और बैंक द्वारा शामिल कंपनियों को हटाने की मांग उठाई। मौके पर विधायक डॉ नीरा यादव ने बैंक मित्रों की समस्याओं को जायज बताते हुए उनका समर्थन किया और उनकी भूमिका की सराहना की।

******************

राँची में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के चौधरी बगान केंद्र में राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिस में लगभग 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि यह निःस्वार्थ दान दादी जी की सेवा, त्याग और करुणा की भावना को समाज में जागृत करने का माध्यम है।

इधर गुमला में भी ब्रह्माकुमारी संस्थान ने दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्य स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा और रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट कर्नल पी.बी. शर्मा ने दादी जी के त्याग, सेवा और समर्पण के आदर्शों को याद किया और अभियान को सफल बनाने के लिए रक्तदान किया।

******************

पाकुड़ में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने संसद में पीएम, सीएम और मंत्रियों को पद से हटाने वाले 130वें संविधान संशोधन विधेयक के खिलाफ भाजपा का पुतला फूंका।

इधर खूंटी के भगत सिंह चौक में आज झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी 130वें संशोधन बिल को काला कानून करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की।

उधर चतरा जिले में भी जेएमएम के नेतृत्व में पीएम, सीएम और मंत्रियों को पद से हटाने वाले विधेयक के विरोध में भाजपा विरोधी जुलूस निकाला गया।

*******समाप्त********